Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 21-12-2005

Participants : Murmu Shri Hemlal

an>

Title : Need for construction of a power grid station in Sahebganj/Pakud district, Jharkhand.

श्री हेमलाल मुर्मू (राजमहल) : महोदय, झारखंड राज्य के संथाल परगना जिलों में विद्युत उत्पादन एवं आपूर्ति की भीाण समस्या है। कम वोल्टेज की विद्युत आपूर्ति एवं 24 घंटे में 2-3 घंटे विद्युत आपूर्ति से कृाि कार्य, लघु एवं कुटी उद्योग बुरी तरह प्रभावित है। साहिबगंज जिला को 160 कि0मी0 की दूरी से विद्युत आपूर्ति होती है, जबकि पाकुड़ जिला को पश्चिम बंगाल से विद्युत खरीदनी पड़ती है, जो झारखंड विद्युत बोर्ड से डेढ़ गुणा अधिक राशि का भुगतान करना पड़ता है।

झारखंड राज्य में वा 2003 में 4925 गांवों में विद्युतीकरण हेतु निविदा आमंत्रित हुआ परन्तु झारखंड विद्युत बोर्ड द्वारा नियमों की अव्हेलना करने के कारण यह कार्य लंबित प्रतीत होता है।

इस क्षेत्र में पत्थर काटने, (स्टोन क्रसर) का धंधा भारत स्तर का है, जिससे लाखों मजदूरों को रोजगार मिलते हैं।

अतः केन्द्र सरकार साहिबगंज एवं पाकुड़ जिला में एन.टी.पी.सी पॉवरग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया या अन्य संबंधित लोक उपक्रमों के माध्यम से साहिबगंज अथवा पाकुड़ जिला में एक पॉवरग्रिड स्टेशन का निर्माण कराने की कृपा करें।